# करू तेरा शुक्राना | By Ashish Sharma

जबसे होने लगा है तेरे दर पे आना जाना
गिरने नहीं मुझको दिया करू शुक्राना

ज़िन्दगी थी अँधेरी बड़ी
दु:ख की छाया घनेरी कड़ी
चिंता दिल से निकलती ना थी
खुशियां ढूंढें से मिलती ना थी
कैसे भुलाउं बाबा तेरा ज़िन्दगी में आना
गिरने नहीं मुझको दिया करू शुक्राना

साथ जब से तुम्हारा मिला
ज़िन्दगी का चमन खिल गया
दु:ख की छाया से भी दूर हूँ
ज़ख्म दिल का हर एक सील गया
एक हारते को बाबा पल पल तेरा जिताना
गिरने नहीं मुझको दिया करू शुक्राना

मुझको तुमने संभाला है श्याम
मुश्किलों से निकाला है श्याम
वादा तुम्हसे हरी एक करे
सारा जीवन तुम्हारे ही नाम
कभी छूटे दर ये तेरा वो दिन ना तू दिखाना
गिरने नहीं मुझको दिया करू शुक्राना

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a5%82-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%81%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a4%be-by-ashish-sharma-2/